कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 08-10-2024

विषय:- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारीगण के साथ की गई समीक्षा गोष्ठी, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

- **"IGRS में प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सभी को बधाई, इसी तन्मयता से करें शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण"- सीपी।**
- **दुर्गा पूजा, दशहरा एवं अन्य आगामी पर्वों पर पूरी सतर्कता बरतते हुए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाये।**
- **पूजा पंडाल व रामलीला स्थलों पर हो पीआरवी की तैनाती, हर 15 दिवस पर अपराध व यातायात व्यवस्था के आधार पर हॉटस्पाट चिन्हित कर की जाये पीआरवी की तैनाती।**
- **यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं सुगम बनाया जाना हो प्राथमिकता, आगामी पर्वों पर आमजन को न हो परेशानी।**
- **मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहे 09 विशेष अभियानों में हो प्रभावी कार्यवाही।**
- **अभियान चलाकर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व कुर्की की कार्यवाही कर लम्बित विवेचनाओं का किया जाये निस्तारण।**
- **चिन्हित सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा/गैंगेस्टर/एच0एस0 की हो कार्यवाही, सम्पत्ति जब्तीकरण करते हुए की जाये कड़ी कार्यवाही।**

आज दिनांक 08-10-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में राजपत्रित अधिकारीगण के साथ अपराध, कानून व्यवस्था की स्थिति, डॉयल 112, सीएम डैशबोर्ड व लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गई। उक्त गोष्ठी में संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध डॉ0 के. एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस. चन्नप्पा सहित समस्त पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी में निम्नलिखित निर्देश दिये गये-

- पुलिस आयुक्त ने आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारीगण को निर्देशित किया कि पूजा पंडालों के आयोजकों से वार्ता कर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाने, वालेन्टियर नियुक्त करने, अग्निशमन यंत्र/लाइटिंग की व्यवस्था रखने व लाउडस्पीकर पर अश्लील/फूहड़ गाने न बजाये जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देशों से अवगत करा कर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।
- पुलिस आयुक्त द्वारा अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि धार्मिक स्थलों और आयोजनों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये एवं कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बरतें और माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।
- सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत अतिक्रमण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा कर यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराये जाने व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आमजन को न हो समस्या के लिए निर्देशित किया गया।
- मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अन्तर्गत महिला पुलिसकर्मियों द्वारा संवाद के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी सशक्तिकरण अभियानों, महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्प-लाईन नम्बर, साइबर अपराध व उनसे जुड़ी सुरक्षा की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जाये।
- जनसुनवाई के दौरान आने वाले आवेदकों/फरियादियों के साथ शिष्ट एवं विनम्र व्यवहार किया जाये व प्रत्येक आवेदक की शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनकर उसका गुणदोष के आधार पर सकारात्मक कार्यवाही की जाये।
- पुलिस आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों को लेकर निगरानी व सतर्कता बरतें व छोटी से छोटी घटना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।
- पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गये।
- पुलिस आयुक्त द्वारा लम्बित एस0आर0 केसेज की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति से जुड़े प्रकरणों में अनुदान वितरण की समीक्षा की गई एवं लम्बित अनुदान के मामलों में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गये।
- पुलिस आयुक्त द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण कराया जाये।
- चिन्हित सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध एन0एस0ए0/गुण्डा/गैंगेस्टर/एच0एस0 व सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
- पुलिस आयुक्त द्वारा अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्त पुलिसकर्मियों की नियमित ब्रीफिंग कर उनकी कार्यक्षमता को उन्नत करें।